अति महत्वपूर्ण

संख्या–1791 / 60–3–2017–38(सा0) / 2017

प्रेषक,

रेणुका कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त / समस्त जिलाधिकारी,
उ0प्र0।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग–3 दिनांकः लखनऊः 31 अगस्त, 2017

विषयः–समस्त जनपदों में 181–महिला हेल्प लाइन स्कीम द्वारा संचालित रेस्क्यू वैन की मॉनीटरिंग के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1116 / 60–3–2017–38(सा0) / 2017, दिनांक 22.06.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसमें समस्त जनपदों में 181–महिला हेल्प लाइन स्कीम के माध्यम से योजित रेस्क्यू वैन के संचालन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

2. उल्लेखनीय है कि समस्त जनपदों में संचालित 181 रेस्क्य वैन जी0पी0एस0 सिस्टम से युक्त है एवं उसका लोकेशन ट्रैक किये जाने हेतु जी0वी0के0–ई0एम0आर0आई0 द्वारा प्रबन्धित वेबसाइट के यू0आर0एल0 के माध्यम से लोकेट किया जा सकता है। जी0पी0एस0 के माध्यम से रेस्क्यू वैन की लोकेशन ट्रैक किये जाने हेतु निम्नलिखित लिंक तथा चरणबद्ध प्रकिया अपनायी जानी हैः–

(1) इन्टरनेट ब्राउजर ऑन करें और नीचे दिये हुये यू0आर0एल0 को टाइप करें।
http://up181.glovision.co:8080/track/Track

(2) ब्राउजर विन्डो पर लॉगिन एवं पासवर्ड का पेज पर मॉगी गयी जानकारी निम्नलिखित रूप से भरेंः–

Enter your Login ID and Password

Account: GVk-up-181
User: tracking
Password:
Language: English

Login *Forgot your password?*

C-2/Desktop/Manish /Manish GO

उपरोक्त ब्राउजर के लिंक का पासवर्ड up181tracking टाइप करें।

(3) पासवर्ड टाइप करने के उपरान्त निम्नलिखित आइकन प्राप्त होंगेः–

*account:* [gvk-up-181] (Tracking)




(4) उपरोक्त आइकन–मैपिंग के अनुसार लॉगिनकर्ता को अपने जनपद से सम्बन्धित रेस्क्यू वाहन के अब तक संचालन की स्थिति डैशबोर्ड से प्राप्त हो जायेगी। लॉगिनकर्ता द्वारा अपने जनपद में वर्तमान में रेस्क्यू वाहन का लोकेशन एवं अन्तिम लोकेशन के साथ–साथ वाहन प्रतिदिन कितनी चली है एवं कहॉ–कहॉ गयी हैं, प्राप्त किया जा सकता है।

(5) उपरोक्त आइकन–रिपोर्ट्स के अनुसार लॉगिनकर्ता को अपने जनपद से सम्बन्धित रेस्क्यू वाहन द्वारा अब तक किये गये रेस्क्यू ऑपरेशन की सूचना एवं रेस्क्यू वाहन के पंजीकरण संख्या तथा रेस्क्यू वाहन फैसिलिटेटर्स के मो0 नं0 सहित समस्त जानकारी प्राप्त हो सकती है।

(6) उपरोक्त आइकन–एडमिनिशट्रेशन के अनुसार लॉगिनकर्ता को अपने जनपद से सम्बन्धित रेस्क्यू वाहन के ऑपरेशन में आने वाली किसी भी कठिनाई के सम्बन्ध में लॉगिनकर्ता फीडबैक दे सकता है एवं उस पर हुयी कार्यवाही की अद्यतन स्थिति प्राप्त कर सकता है।

3. उपरोक्तानुसार आपसे अनुरोध है कि महिला एवं बच्चों के विरूद्ध हिंसा की रोकथाम हेतु संचालित 181–महिला हेल्पलाइन रेस्क्यू वाहन की उपयोगिता हेतु समय–समय पर उपरोक्तलिखित यू0आर0एल0 के माध्यम से लोकेशन एवं केस की स्थिति अपडेट रहें, जिससे कि रेस्क्यू वाहन की उपयोगिता के सम्बन्ध में पूर्ण पारदर्शिता रखी जा सके।

इस सम्बन्ध में अपने स्तर से रूचि लेते हुये कृपया 181–महिला हेल्पलाइन रेस्क्यू वाहन के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता प्रदर्शित करते हुये महिलाओं के विरूद्ध हिंसा की रोकथाम हेतु प्रदेश सरकार के सार्थक कदम में सहयोग प्रदान करें एवं इसके बेहतर संचालन हेतु सुझाव भी उपलब्ध करायें।

भवदीया,

(रेणुका कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या–1791 (1)/60–3–2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री, महिला कल्याण, उ0प्र0 सरकार।
3. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, महिला कल्याण, उ0प्र0 सरकार।
4. प्रमुख सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन को इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों को सूचित करने का कष्ट करें।
5. निदेशक, महिला कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
6. समस्त जिला परिवीक्षा अधिकारी/समस्त उप मुख्य परिवीक्षा अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जी0वी0के0–ई0एम0आर0आई0, लखनऊ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अजय कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

C-2/Desktop/Manish /Manish GO